चिंता | दवाओं का असर न के बराबर, लगातार नमी से बिगड़े हालात

# मटर में संक्रमण से किसानों की बढ़ी मुश्किलें



**नवभारत,जबलपुर।** बदलते मौसम और खेतों में बढ़ती नमी इस बार मटर की खेती पर भारी पड़ रही है। फफूंद जनित रोग फंगस के तेजी से फैल रहा है, जिससे किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है। कई गांवों में पौधे सूखने लगे हैं और किसानों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर कौन-सी दवा असर करेगी। बाजार से ऊंचे दामों पर खरीदे गए फफूंद नाशक भी बेअसर साबित हो रहे हैं, जिससे कृषि लागत बढ़ते-बढ़ते किसान की कमर तोड़ रही है। किसानों का कहना है मटर पर फंगस का यह प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। कई किसानों ने खराब हुए मटर को अलग कर नई बुवाई करना भी शुरू कर दिया, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है।

### फसल में धब्बों का बढ़ना बना चिंता का कारण

कई ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने बताया कि शुरुआत में मटर के पौधों पर हल्के भूरे धब्बे दिखाई दिए थे, लेकिन यह संक्रमण कुछ ही दिनों में पत्तियों और सिंगों तक फैल गया। खेतों में सूखते पौधों की संख्या बढ़ती जा रही है। किसान रोजाना फसल की निगरानी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि विगत दिनों बदले मौसम में इस बार पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

### नमी और बारिश से तेज़ी से फैला संक्रमण

किसानों ने बताया कि इस वर्ष अधिक बारिश और लम्बे समय तक बनी नमी फंगस फैलने की सबसे बड़ी वजह है। उनकी मानें तो खेतों में पहले लहलहाती मटर की फसल देखते ही देखते पीली पड़ने लगी। किसानों का आरोप है कि बाजार में मिल रही दवाओं की गुणवत्ता ठीक नहीं है, इसी कारण फसल पर उनका असर नहीं दिखता।

### कर्ज और नुकसान की चिंता में डूबे किसान

फसल खराब होने से कई किसान बैंक के कर्ज चुकाने को लेकर भी परेशान हैं। वे चाहते हैं कि शासन फसल का सर्वे कराए और उचित मुआवजा घोषित करे ताकि आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।

### इनका कहना है

लगभग 3 एकड़ में मटर बोया था, लेकिन पानी गिरने के बाद से खेतों में अधिक नमी बढ़ गई और रोग लग जाने से पूरी फसल के ऊपर जुताई करके नई बोवनी करनी पड़ रही है।
**अरविंद पटेल**
**किसान, ग्राम भुंवारा**

15 एकड़ में मटर लगाया था, लेकिन फंगस रोग लग जाने से पूरी फसल नष्ट हो गई है, जिससे बहुत नुकसान हुआ है।
**प्रमोद पटेल**
**किसान, ग्राम भुंवारा**

हमारे शहपुरा क्षेत्र में मटर की बुवाई पहले हो जाती है, लेकिन इस बार मौसम की मार ने मटर बर्बाद कर दिया है, दोबारा मटर बो रहे हैं।
**रम्मू ठाकुर**
**किसान, शहपुरा**

पहले मटर बोया था, लेकिन विगत दिनों हुई बारिश से खेत गीली हो गए, अधिक नमी होने से पौधों में रोग लग गया और पूरी फसल बर्बाद हो गई।
**भैयाजी पटेल**
**किसान, ग्राम खमदेही**



# जीवन में सुख-दुख धूप-छांव की तरह आते हैं

पिसनहारी मढ़िया तीर्थ में आयोजित धर्म सभा

**नवभारत, जबलपुर।** पिसनहारी मढ़िया तीर्थ में आयोजित धर्म सभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुण्य और पाप पुद्गल की पर्याय हैं, जिनसे प्राणी हर्ष-विषाद का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुख धूप-छाँव की तरह आते हैं, इसलिए उदास न होकर भगवान का भक्त बनें, क्योंकि भक्ति से मन स्थिर रहता है।

आचार्यश्री ने कहा कि कर्म का उदय समय-समय पर जीवन में परिवर्तन लाता है और व्यक्ति अपने ही कर्मों का फल भोगता है। उन्होंने धार्मिक कार्यों में पुण्य से प्राप्त धन लगाने वाले व्यक्तियों की प्रशंसा की तथा उन्हें पुर्याजक बताया। प्रवचन के उपरांत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू' ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ पार्षद दयानुपम बेटिया, अतुल दानी और मनोज सेठ मौजूद रहे। आचार्यश्री के पादप्रक्षालन का सौभाग्य मुंबई निवासी तरुण काला, रजनी काला और इंदु मामी परिवार को मिला, वहीं आहार अर्पण का अवसर भी प्राप्त हुआ। धर्म सभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

# सफाई कर्मियों और वृद्ध माताओं का पूजन एवं सम्मान

कालीमठ में माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ



**नवभारत,जबलपुर।** 12 से 19 नवम्बर तक कालीमठ मदनमहल आमनपुर में माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा सफाई कर्मियों और वृद्ध माताओं का पूजन एवं सम्मान किया गया। कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद महाराज और दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा की भावना का सजीव उदाहरण है। उन्होंने विशेष रूप से वृद्ध माताओं को भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर बताते हुए उनका सम्मान किया। माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति के राम राम अवस्थी, पूरन सिंह राजपूत, संतोष केशरवानी, अनिल सराठे, धर्मेश तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया।

### प्रेमनगर में कीर्तन समागम आज



**नवभारत,जबलपुर।** सिमरन सेवक जत्था के नेतृत्व में आज 17 सायं 6 बजे से 11 बजे तक गुरुद्वारा प्रेमनगर गुरुद्वारे में भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विश्व विख्यात रागी जत्था जगजीत सिंह बबीहा, दिल्ली रात्रि 9 बजे से गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। इसके पूर्व रागी जत्था अमनदीप सिंह, सिख नारी मंच, एवं सिमरन सेवक जत्था गुरुवाणी गायन करेगा तदोपरान्त गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा।

# छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है

शिव उपहार भवन प्रेमनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**नवभारत, जबलपुर।** विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज संस्था के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा शिव उपहार भवन, प्रेमनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि मन की शांति ही सड़क सुरक्षा का आधार है। शांत मन व्यक्ति को अधिक सतर्क और जिम्मेदार बनाता है। उन्होंने सकारात्मक सोच और आत्म-जागरूकता अपनाने का संदेश दिया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सिंह रघुवंशी ने यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि हेलमेट, सीटबेल्ट, गति-सीमा का पालन और मोबाइल का उपयोग न करना दुर्घटनाओं से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय हैं। छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। अंत में ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई और कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संकल्प लिया कि वे स्वयं भी सुरक्षित चलेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित चलने हेतु प्रेरित करेंगे।

## एक नजर में



### महिलाओं ने मनाई अगहन नवमी की आठवीं वर्षगांठ

**नवभारत,जबलपुर।** जय माता दी भक्त परिवार द्वारा अगहन नवमी की आठवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। वैदिक मंत्रोच्चारण, भजन-कीर्तन और वृहद सुहागलों की सामूहिक सहभागिता के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन शिल्पा तिवारी (डायरेक्टर, जय माता दी भक्त परिवार) द्वारा किया गया। आयोजन में जयंती पोद्दार व संरक्षिका श्वेता दुबे का विशेष सहयोग रहा। वैदिक विधि-विधान के साथ सिंदूर की देवी सुहागले संपन्न हुई। कीर्ति, अभिलाष पांडे, मौसमी, रश्मि, सुरभि, आकांक्षा, कुसुम लता, सिद्धि, अर्चना, वर्षा, दीपिका, अनामिका सहित कुल 258 महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक ओली लेकर माता भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### एलएन सिटी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट रोड स्थित एल एन सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सक्षम महाकोशल प्रांत, विशुद्ध हेल्थ केयर जनसेवा समिति और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस अवसर पर सक्षम एमपी अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक, डॉ. अरविंद शर्मा, अधीक्षक नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, और डॉ. ऋचा शर्मा, सह-अधीक्षक मेडिकल आईएमए अध्यक्ष ने युवाओं को विवाह से पूर्व थैलीसीमिया और सिकल सेल रोग की जांच कराने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सक्षम से राकेश गिड्रोनिया, संकेत मलैया, सुचित जैन, मनोज सोनी, सुनील गर्ग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं प्राणदा प्रकोष्ठ महाकोशल प्रांत प्रमुख डॉ. अंकित सेठ उपस्थित थे।



### विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा रोमांच

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में जारी अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आज वॉलीबॉल एवं क्रिकेट स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें विभागों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहला मैच में मेक्निकल बनाम टीआरओ के बीच खेला गया जिसमे टी आर ओ विजयी रही। दूसरा मैच वाणिज्य बनाम कार्मिक विभाग जिसमे वाणिज्य विभाग विजयी रहा। वही तीसरा मैच महिला वर्ग एस टी बनाम टी आर ओ में टी आर ओ महिला टीम ने जीता वही क्रिकेट का पहला मैच टीआरएस बनाम वाणिज्य विभाग के बीच खेला गया जिसमें वाणिज्य विभाग ने 33 रन से जीत दर्ज की।

# संस्कारधानी में गूंजी दुष्यंत की पंक्तियां, कई हस्तियां सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** जन परिषद के जबलपुर चैप्टर का इंस्टॉलेशन समारोह मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी एवं मिसेज इंडिया दिव्या चौधरी तथा हाई कोर्ट जज एवं पूर्व उप लोकायुक्त जस्टिस एस.के. पॉलो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। दिव्या चौधरी ने जन परिषद को संस्था नहीं, एक परिवार बताते हुए इसके 36 वर्षों के उत्कृष्ट सामाजिक व पर्यावरणीय योगदान की सराहना की। संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने दुष्यंत कुमार की पंक्तियों के माध्यम से संगठन के उज्ज्वल भविष्य का उल्लेख किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव शैलेश चौरसिया सहित सुश्री सारिका श्रीवास्तव (गुप्ता), सुश्री मीना चौधरी एवं सुश्री सुधा शर्मा को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साधना चौरसिया, अर्चना मलहोत्रा, दीपक चंडोक, शरद चौहान, सुनील नामदेव एवं अमित तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रादुविवि में विचार मंथन कार्यक्रम आज

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा आज, एक दिवसीय विचार मंथन कार्यक्रम 'ब्रेन स्टॉर्मिंग - प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें' आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य वक्ता डॉ. ए. के. वर्मा, सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज होंगे। प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरु, विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में और कौशल विकास संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह के संरक्षण में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में अपराह्न 1 बजे से शुरू होगा।




# श्री सत्य सांई मार्ग का उद्घाटन

**नवभारत,जबलपुर।** रतन नगर तिराहे (एलआईसी ऑफिस के सामने) से कान्हा लेक व्यू तक की सड़क का नामकरण श्री सत्य साई मार्ग के रूप में किया गया। महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने मार्ग के चिन्हित पत्थरों का अनावरण कर इसे विधिवत उदघाटित किया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष तिवारी, राम सोनकर, हिमांशु खरे और श्री सत्य साई सेवा संगठन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। 2025 में श्री सत्य साई बाबा की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश की पहली सड़क को उनके नाम से नामित किया जाना जबलपुर के लिए गौरव की बात है।



## भाजपा दीनदयाल उपाध्याय मंडल का कार्यकर्ता मिलन समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** भाजपा जबलपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने आगामी कार्यक्रमों के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाने और बूथ स्तर पर वरिष्ठ मंडल एवं जिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### शहर की लेखिका मोनिका का फिल्म जगत में चमका सितारा



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की प्रतिभाशाली लेखिका मोनिका शुक्ला टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। एमसीए की डिग्री लेने के बाद भी उन्होंने अपनी रुचि के अनुसार कला और लेखन को करियर बनाया और दिल्ली से शुरुआत कर मुम्बई तक का सफर तय किया। मोनिका ने अनूप जलौटा के लिए गीत लिखे हैं अब तक वे कई टीवी सीरियल और विज्ञापन फिल्मों का लेखन कर चुकी हैं और इस समय सीरियल तेरी दीवानी के संवाद लिख रही हैं।

# पूर्व छात्रों ने अपने शालेय अनुभव किए साझा



**नवभारत, जबलपुर।** शताब्दी वर्ष मना रहे प्रतिष्ठित महाराष्ट्र विद्यालय, आयोजित अखिल भारतीय पूर्व छात्र सम्मेलन का दूसरा दिन रानी दुर्गावती की शौर्यगाथा के आकर्षण के साथ संपन्न हुआ। सुबह पूर्व छात्रों ने शाला प्रार्थना के बाद पुराने कक्षाओं का भ्रमण कर यादें साझा कीं। दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबलावादक तालमणी पं. किरण देशपांडे ने त्रिताल में सोलो वादन तथा तनिक सुनरी सत वचन बंदिश प्रस्तुत की। संगत रवी परांजपे (तबला) और विजय चांदोरकर (हार्मोनियम) ने की। इसके बाद गीत रामायण पर गौरी साने निर्देशित नृत्य-नाटिका मंचित हुई। मुक्तमंच का संचालन अभय गोरे ने किया, जिसमें संतोष गोडबोले, शरद वागळे, राम कणीकर, डॉ. सुलभा पुणेकर सहित कई पूर्व छात्रों ने अपने शालेय अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विदेश से भी पूर्व छात्र शामिल हुए। आयोजकों ने सफल संचालन में राजा हिरस्कर, राहुल उज्जैनकर, सदानंद गोडबोले, वर्षा दांडेकर सहित कई पूर्व छात्रों के योगदान को सराहा।

मैराथन | कड़ी सुरक्षा के बीच 7,500 से ज्यादा धावकों ने लगाया दम

# कड़कड़ाती ठंड पर भारी जोश : सूर्या मैराथन में बच्चों से बुजुर्गों तक उमड़ी भीड़



**नवभारत,जबलपुर।** रविवार की सुबह शहर का तापमान अचानक करीब 7 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से नीचे पहुंच गया, मगर कोबरा ग्राउंड में जमा हुआ उत्साह इस ठंड को मात देता नजर आया। आर्मी हेडक्वार्टर, मध्यभारत एरिया द्वारा आयोजित सूर्या मैराथन-2025 (तृतीय संस्करण) में सुबह 5 बजे से ही बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग पहुंचने लगे। देशभक्ति गीतों पर थिरकते प्रतिभागियों का जोश ठंडी हवाओं पर भारी पड़ रहा था।

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

सूर्या हॉफ मैराथन का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य कमान और रुचिरा सेनगुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्षा आवा, मध्य कमान के साथ-साथ लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया, श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत, जोनल अध्यक्षा आवा, मध्य भारत एरिया, मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य भारत एरिया, सुनीता गोदारा, अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मैराथन की प्रत्येक श्रेणी को कोबरा ग्राउंड से अलग-अलग समय पर शुरू किया गया, जिसे अतिथियों द्वारा झंडी दिखाकर शुरू किया गया ।

### हरियाणा की भारती, भोपाल के मुकेश ने मारी बाजी

महिला वर्ग में हरियाणा की भारती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 1 घंटा 12 मिनट 18 सेकंड में दूरी पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में भोपाल के मुकेश कुमार विजेता बने। इस संस्करण में 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की श्रेणियों में दौड़ आयोजित की गई थी, जिनमें देशभर से 7,500 से अधिक धावकों ने पंजीयन कराया।

### विजेताओं को मिले 15 लाख रुपए से अधिक के पुरस्कार

21 किमी वर्ग में प्रथम आने वाले धावकों को 1 लाख रुपए नकद और दोपहिया वाहन प्रदान किए गए। विभिन्न आयु वर्गों और अलग-अलग श्रेणियों में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को भी आकर्षक पुरस्कार दिए गए। विशेष रूप से, महिला और पुरुष दोनों वर्गों में समान पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी।